FirstRanker.com
Firstranker's choice

0104

www.FirstRanker.com www.FirstRanker.com

**B**

Total No. of Questions - 16

Total No. of Printed Pages - 4

Regd. No.

## Part - II

## HINDI, Paper - I

## (Second Language)

*Time : 3 Hours* *Max. Marks : 100*

सूचनाएँ : 1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

2. जिस क्रम में प्रश्न दिये गये हैं, उसी क्रम से उत्तर लिखना अनिवार्य हैं।

### खण्ड 'क'

### (60 अंक)

I. निम्नलिखित **किसी एक** पद्यांश का भावार्थ लिखिए। 1 × 6 = 6

जब तू आया जगत में, लोग हंसे तू रोए।
ऐसी करनी न करी, पाछे हंसे सब कोए॥

**अथवा**

नव गति, नव लय, ताल-छंद नव
नवल कंठ, नव जलद-मन्द्र रव
नव नभ के नव विहंग-वृंद को
नव पर नव स्वर दे।

II. **किसी एक** कविता का सारांश लिखिए। 1 × 8 = 8

1) महत्ता 2) मेरा नया बचपन

III. **किसी एक** पाठ का सारांश लिखिए। 1 × 8 = 8

1) जगाने का अपराध 2) ईद और होली

IV. **किसी एक** कहानी का सारांश लिखिए। 1 × 8 = 8

1) शरणागत 2) जीती बाज़ी की हार


www.FirstRanker.com

FirstRanker.com
Firstranker's choice
www.FirstRanker.com www.FirstRanker.com

V. निम्नलिखित पद्यांशों की संदर्भसहित व्याख्या कीजिए । 2 × 5 = 10

1) शीलवंत सबसे बड़ा, सब रतनन की खान ।
तीन लोक की संपदा, रही शील में आन ॥

अथवा

गो-धन, गज-धन, बाजि-धन और रतन-धन खान ।
जब आवत संतोष-धन, सब धन धूरि समान ॥

2) सब देश विद्या-प्राप्ति को सतत यहाँ आते रहे,
सुरलोक में भी गीत ऐसे देव-गण गाते रहे ।

अथवा

पीसा जाता जब इक्षु-दण्ड,
झरती रस की धारा अखण्ड,
मेहंदी जब सहती है प्रहार,
बनती ललनाओं का सिंगार ।

VI. निम्नलिखित किन्हीं दो गद्यांशों की संदर्भसहित व्याख्या कीजिए । 2 × 5 = 10

1) बहुधा देखने में आता है कि किसी काम के करने में बाहरी सहायता इतना लाभ नहीं पहुँचा सकती, जितनी आत्मनिर्भरता ।

2) मुझे कुछ भी कह लीजिए, बदमाश मत कहिए । मैं शरीफ आदमी हूँ । सरकार को हर महीने इनकम टैक्स देता हूँ ।

3) इन वीरों ने मृत्यु-भय को भी जीत लिया था । उनकी वीरता के लिए उन्हें हजार बार बधाई ।

4) दीनता से कहा, 'घर में कई नौकर-चाकर हैं । मेरे लिए दो मुट्ठी आटा भारी न होगा । मैं भी आपकी सेवा करती हुई पड़ी रहूँगी ।'

VII. एक शब्द में उत्तर दीजिए । 5 × 1 = 5

1) कबीर के गुरू कौन थे?

2) विपत्तियाँ किस को दहलाती है?

3) कवि वीणावादिनी से क्या माँगता है?

4) भारतवर्ष को किसने स्वर्ग से भी बढ़कर माना है?

5) तुलसी का अमर काव्य कौनसा है?


www.FirstRanker.com

FirstRanker.com
Firstranker's choice
www.FirstRanker.com www.FirstRanker.com

**VIII.** एक शब्द में उत्तर दीजिए । 5 × 1 = 5

1) पं. बालकृष्ण भट्ट किस पत्रिका के संपादक रहे थे?
2) रुद्रमदेवी के पिता का नाम क्या है?
3) अभागी स्त्री के पति कितने वर्षों से पीड़ित है?
4) ब्रिटिश सरकार की लाठियाँ खाकर कौन मर गये?
5) फैशनबुल आदमी ने थके हुए आदमी से कितने पैसे उधार पर लिए हैं?

## खण्ड 'ख'
## (40 अंक)

**IX.** निम्नलिखित में से **कोई एक** पत्र लिखिए । 1 × 5 = 5

छुट्टी के लिए प्राचार्य के नाम एक पत्र लिखिए ।

**अथवा**

नौकरी के लिए आवेदन पत्र **(Resume)** लिखिए ।

**X.** किन्हीं पाँच शब्दों के विलोम शब्द लिखिए । 5 × 1 = 5

1) छोटा 2) आशा 3) उदय 4) अमृत
5) गरीब 6) हिंसा 7) स्वर्ग 8) रात

**XI.** किन्हीं पाँच शब्दों की शुद्ध वर्तनी लिखिए । 5 × 1 = 5

1) अहार 2) आदमि 3) ईक 4) काना
5) भूक 6) कवइत्रि 7) चात्र 8) आशमान

**XII.** किन्हीं पाँच शब्दों के कम-से-कम दो समानार्थी शब्द लिखिए । 5 × 1 = 5

1) अहंकार 2) ईश्वर 3) आग 4) कमल
5) आँख 6) आकाश 7) अमृत 8) असुर

**XIII.** किन्हीं पाँच पारिभाषिक शब्दों का हिन्दी में अनुवाद कीजिए । 5 × 1 = 5

1) Award 2) Zonal 3) Law
4) Assembly 5) Yearly 6) Identity card
7) Corruption 8) Cashier

FirstRanker.com
Firstranker's choice
www.FirstRanker.com www.FirstRanker.com

**XIV.** कारक चिह्नों की सहायता से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए । 5 × 1 = 5

1) राम .......................... रोटी खायी है ।
2) मेज़ .................. पुस्तकें रखी हैं ।
3) मैं भारत ................. निवासी हूँ ।
4) चोर ने चाकू .................. मारा ।
5) मेरी कलम जेब .................. है ।

**XV.** सूचना के अनुसार वाक्य में परिवर्तन कीजिए । 5 × 1 = 5

1) वह एक सुनार है ।
(*रेखांकित शब्द का लिंग बदलकर लिखिए ।*)
2) घोड़ा तेज दौड़ता है ।
(*रेखांकित शब्द का वचन बदलकर लिखिए ।*)
3) राम अनपढ़ लड़का है ।
(*रेखांकित शब्द में उपसर्ग क्या है?*)
4) वह पंडिताइन है ।
(*रेखांकित शब्द में प्रत्यय क्या है?*)
5) लड़की नाच रही है ।
(*भविष्यत्काल में बदलिए ।*)

**XVI.** किन्हीं पाँच वाक्यों को शुद्ध कीजिए । 5 × 1 = 5

1) उनका दर्शन हुआ ।
2) वह ऊब आया ।
3) तुम तुम्हारी किताब ले लो ।
4) राम ने रोटी खाया ।
5) राम रावण मारा ।
6) मैं सभा में कहा ।
7) राधा ने पत्र लिखी ।
8) वह दान दिया ।
9) मैं पाठ पढ़ेगा ।
10) उसका होश उड़ गया ।

www.FirstRanker.com